मोटर वाहनों की संख्या में वृद्धि और सड़कों के विस्तार के बीच अनुपात

1898. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे क :

(क) क्या यह सच है कि सड़कों का विस्तार और विकास देश में मोटर वाहनों की संख्या में वृद्धि के अनुपात में नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो 1975 और 1988-89 में देश में मोटर वाहनों की कुल संख्या कितनी थी ;

(ग) 1975 से 1988-89 तक सड़कों के विस्तार में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है; और

(घ) क्या सरकार वाहनों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ सड़कों का विस्तार करने के लिए कोई योजना तैयार कर रही है; यदि हां, तो इसकी रूप रेखा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री साथ में संचार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री के०पी० उन्नीकृष्णन) : (क) से (ग) 31-3-1975 और 31-3-1989 को पंजीकृत मोटर वाहनों की कुल संख्या तथा किलोमीटरों में सड़क की कुल लम्बाई और उपर्युक्त अवधि में हुई प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है :

पंजीकृत मोटर वाहन	अवधि के दौरान प्रतिशतता में हुई वृद्धि	सड़क की लम्बाई	अवधि के दौरान प्रतिशतता में हुई वृद्धि
31 मार्च को			
1975 24.72 लाख	567%	12.15 लाख कि० मी०	55%
1989 164.88 लाख		18.80 लाख कि० मी०	

(घ) सतत प्रक्रिया के एक भाग के रूप में केन्द्र एवं राज्य सरकारें सड़क नेटवर्क में वृद्धि करती हैं तथा यातायात की सघनता और निधियों की उपलब्धता सहित विभिन्न तथ्यों पर विचार करते हुए मौजूदा नेटवर्क में सुधार भी करती हैं । फिर भी सड़क नेटवर्क के विस्तार को वाहनों की संख्या में वृद्धि के साथ प्रत्यक्ष रूप से सह-संबंधित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Curtailing of DTC route between Najafgarh and Ambedkar Stadium

1899. SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that most of the DTC buses on route number 790 are now running between Bapu Dham and Najafgarh instead of between Ambedkar Stadium and Najafgarh ;

(b) if so, the reasons therefore ;

(c) whether any night service is available on route number 790 ;

(d) if not, whether Government have received any demand for night service from the users of this route ; and

(e) whether Government propose to introduce a night service on this route ; if so, by when ?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI K. P. UNNIKRISHNAN) : (a) Yes, Sir.